प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने आज लखनऊ में श्रम और रोजगार मंत्रालय की 5वीं क्षेत्रीय बैठक को किया संबोधित : कहा– श्रमिकों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध है सरकार।
2. पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल से शुरू होगी धान की खरीद : प्रदेश सरकार ने निर्धारित 4 हजार क्रय केंद्रों को 48 घंटे के भीतर भुगतान का दिया निर्देश।
3. राष्ट्रीय पोषण माह के आखिरी दिन प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम : प्रशासन ने बीमारियों से बचाव और पौष्टिक आहार को लेकर लोगों को किया जागरूक।

और

4. कानपुर में भारत–बांग्लादेश टेस्ट मैच के चौथ दिन भारत ने 285 रन बनाकर घोषित की पारी : खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाये 26 रन।

———————

केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने आज लखनऊ में श्रम और रोजगार मंत्रालय की 5वीं क्षेत्रीय बैठक को संबोधित किया। इस बैठक में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और दिल्ली के साथ श्रम

सुधारों, ईश्रम पोर्टल, और रोजगार सृजन पर चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्यमंत्री करंदलाजे ने कहा कि श्रम सुधारों के सफल कार्यान्वयन में राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पश है एक रिपोर्ट.......

*लखनऊ में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की 5वीं क्षेत्रीय बैठक के दौरान श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार और राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तैयार किए गए मसौदा नियमों में सामंजस्य सहित प्रमुख श्रम और रोजगार के मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। इसके साथ ही असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के लाभ आसानी से पहुंच के लिए 'वन–स्टॉप सॉल्यूशन' के रूप में ई–श्रम पोर्टल के विस्तार पर चर्चा हुई। साथ ही श्रमिकों के लिए विभिन्न केंद्रीय कल्याण योजनाओं के कवरेज का विस्तार देने और रोजगार कार्यालयों के उन्नयन जैसे प्रमुख विषयों पर भी मंथन हुआ। बैठक में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्य के अधिकारियों को ई–श्रम सहित मंत्रालय द्वारा बनाए गए विभिन्न तंत्रों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। यह बैठक केंद्र सरकार द्वारा देश भर के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चल रहे क्षेत्रीय परामर्शों की श्रृंखला का हिस्सा है। मंत्रालय के मुताबिक ये क्षेत्रीय बैठकें 4 अक्टूबर तक जारी रहेंगी। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

पहली अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान खरीद शुरू हो जाएगी। लखनऊ संभाग के जनपदों में अलग–अलग तिथियों में खरीद होगी। हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में पहली अक्टूबर तथा लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव में पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ पहली नवंबर को खरीद हागी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 23 सौ रुपये और धान ग्रेड–ए का दो हजार 320 रुपये प्रति कुंतल

निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य–रसद विभाग और अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4 हजार क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है।

————————

प्रदेश सरकार ने बरसात की मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान परिषदीय विद्यालयों में चलाया जाएंगा, अधिक वर्षा के कारण आबादी के आसपास होने वाले जलभराव से बीमारियों के पनपने की आशंका को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। सरकार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या हाने पर तुरंत जल निकासी की व्यवस्था करें और मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव कराएं।

————————

फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार अगले महीने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी घोषणा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी ने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है।

—————————

त्यौहारों के मद्देनजर गोरखपुर और लखनऊ मंडल के रेलवे स्टेशनों सहित विभिन्न स्टेशनों से होकर 156 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। यह रेल गाड़ियां कुल 1 हजार 171 फेरों में चलेंगी। इन ट्रेनों के माध्यम से आगामी त्योहारों पर आने जाने वालेयात्रियों को सुगम यात्रा में मदद मिलेगी। वहीं आगामी दिनों में संभावित कोहरे को देखते हुए रेलवे ने सहारनपुर से गुजरने वाली 16 ट्रेनों को तीन महीने के लिए बंद करने का फैसला लिया है। इस दौरान सहारनपुर से होकर ग़ुजरने वाली जनसेवा एक्सप्रेस, अकालतख्त एक्सप्रेस, दुर्गियाना, बरौनी, टाटानगर, ऋषिकेश, डिब्रूगढ़, लालकुआं एक्सप्रेस समेत 16 ट्रेनें नहीं चलेंगी

—————————

प्रदेश सरकार ने झांसी के श्याम बिहारी गुप्ता को उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग का सदस्य और अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही कुशीनगर के जसवन्त सिंह और बस्ती के महेश कुमार शुक्ल को आयोग का सदस्य एवं उपाध्यक्ष नामित किया गय़ा हैं। आयोग के सभी 6 सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष का होगा. पशुधन विभाग के प्रमुख

सचिव के. रविन्द्र नायक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा–2024 के अंतर्गत आज राजभवन से एक विशेष स्वच्छता बाइक रैली निकाली गयी। रैली को राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर सुधीर महादेव बोबडे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान देश को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वहीं कानपुर नगर की संजीवनी शर्मा ने पर्यावरण को प्लास्टिक और कचरे से बचाने के लिये कानपुर प्लॉगर्स ग्रुप की शुरुआत की है। संजीवनी ने बताया कि कानपुर प्लॉगर्स टीम के सदस्य गंगा के घाटों से प्लास्टिक उठाने के

अलावा घरों और दुकानों से प्लास्टिक एकत्र कर रीसाइकल करने के लिए प्लांट में भेजते हैं। बाइट.....

*कानपूर ब्लॉगर फाउडेशन के अंतर्गत हमने ये प्रोजेक्ट संकल्प स्टार्ट किया था कानपुर में तीन साल पहले जिसमें की हमने जगह–जगह बिन्स लगाए है कि लोग अपने घरों से साफ और सूखा प्लास्टिक हमें डोनेट कर सके और कानपुर से बहुत सारे परिवार हमारे साथ जुड़े हुए हैं जो की अपने घरों का प्लास्टिक हमें डोनेट करते है और ये फिर प्लास्टिक रिसाइकिल सेंटर्स जाते हैं और गला करके इसके फर्नीचर्स बनते हैं जो की पार्कों में बेंच और झूले लगाने के काम आते हैं। हमारा टॉरगेट ये था की कोई भी प्लास्टिक जो है कचरे तक ना पहुँचे वह रिसाइकिल हो करके सर्कुलेटरी में पहुँच जाए। इस तरह से हमने तीन साल में लगभग तीन लाख से ज्यादा प्लास्टिक पैकेट रिसाइकिल करवाए हैं।*

——————

राष्ट्रीय पोषण माह के आखिरी दिन प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। गोरखपुर के चरगांवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 'स्वच्छता पोषण संवाद' का आयोजन किया गया। महोबा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से मोटे अनाज और हरी सब्जियां की अहमियत समझाई गई।

——————

कुशीनगर में बारिश के कारण भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली मंदिर परिसर में जलभराव हो गया है। पश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.......

*महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर मे भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण मंदिर, रामाभार स्तूप परिसर सहित माथा कुंवर बुद्ध मंदिर परिसर में बारिश का पानी भरने से पर्यटकों को मंदिर तक पहुंचने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पानी मंदिर के अंदर बुद्ध प्रतिमा तक पहुंच गया है। मंदिर में स्थापित साढ़े दस फुट ऊंची बुद्ध प्रतिमा भू स्पर्श मुद्रा में है। मंदिर में जलजमाव से प्रतिमा के क्षरण का खतरा बढ़ गया है। विवेक पाण्डेय, आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर।*

———————

**कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत–बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने आज अपनी पहली पारी 285 रन पर घोषित कर दी। बांग्लादेश ने आज के दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए थे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....**

*कानपुर नगर के ग्रीन पार्क में चल रहे भारत बांग्लादेश दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन बांग्लादेश ने लंच तक 6 विकेट पर 205 रन बना लिया लंच के बाद पूरी टीम 233 रन के स्कोर पर सिमट गयी। टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 35 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाये थे। वही भारत ने पहली इनिंग में 34. 4 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 285 रन का स्कोर खड़ा किया है। आज के दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन बना लिए है।*

*राजेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, कानपुर।*

———————